पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

वर्ष - 22 ◆ अंक - 21 ◆ रायपुर 05 मई 2026 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### बंगाल भयमुक्त हुआ अब भरोसा, विकास और उम्मीदें कदम मिलाकर चलेंगी

# गंगोत्री से गंगासागर तक खिला कमल-पीएम मोदी

नई दिल्ली। मोदी जब भाजपा मुख्यालय पहुंचे तो नितिन नवीन दूर चल रहे थे। पीएम ने इशारे से अपने बगल में बुलाया और हाथ पकड़कर उनके साथ चले।



भाजपा 5 राज्यों में से 3 (पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी) में सरकार बना रही है। दिल्ली स्थिति भाजपा मुख्यालय पर मनाए जा रहे जश्न में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। सालों की साधना जब सिद्धी में बदलती है तो चेहरे पर जो खुशी होती है वो खुशी में देशभर के कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं। पिछले साल 14 नवंबर को मैंने यहीं से कहा था गंगा जी बिहार से आगे होते हुए गंगासागर तक जाती हैं। आज बंगाल की जीत के साथ गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और अब पश्चिम बंगाल। आज मां गंगा के पास बसे राज्यों में भाजपा एनडीए सरकार है। एक कार्यकर्ता होने के नाते मैं भाजपा के हर कार्यकर्ता की खुशी में शामिल हूं। आज का ये दिन कई मायनों में खास है। ये देश के उज्जवल भविष्य की उद्घोषणा, भरोसे का दिन है। भरोसा भारत महान लोकतंत्र पर, भरोसा परफॉर्मेंस की पॉलिटिक्स पर, भरोसा एक भारत श्रेष्ठ भारत भावना पर। मोदी ने कहा– डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा को कितनी शांति मिली होगी। उन्होंने 1951 में जनसंघ की स्थापना करके हर कार्यकर्ता को संदेश दिया कि देश के लिए जीना और देश के लिए मरना है। डॉ. मुखर्जी ने बंगाल को भारत का हिस्सा बनाए रखने के लिए बड़ी लड़ाई लड़ी।

4 मई 2026 का दिन भारतीय राजनीति में बड़े बदलावों का संकेत दे रहा है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में जारी मतगणना के रुझानों ने सियासी समीकरण पूरी तरह बदल दिए हैं। जहां बीजेपी पूर्व और पूर्वोत्तर में अपना परचम लहराती दिख रही है, वहीं दक्षिण भारत में नए विकल्प के तौर पर उभरी पार्टियों ने पुरानी ताकतों को कड़ी चुनौती दी है।

### बंगाल में बीजेपी की ऐतिहासिक बढ़त, हिंसा के साये में काउंटिंग

*पश्चिम बंगाल में बीजेपी पहली बार सरकार बनाने की ओर बढ़ती नजर आ रही है। शुरुआती रुझानों में पार्टी 199 सीटों तक पहुंच चुकी है। हालांकि, मतगणना के दौरान कई जगहों से हिंसा की खबरें सामने आई हैं। कूच बिहार में झड़प और लाठीचार्ज हुआ, जबकि जमुरिया में आगजनी की घटना सामने आई।*

### मोदी बोले- जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को

मोदी बोले– बंगाल में भाजपा की सफलता के श्रेय ऐसे सभी कार्यकर्ताओं और उनके परिवार को देता हूं। 4 मई की शाम भले ढल रही हो, लेकिन बंगाल की पावन धरा पर एक नया सूर्योदय हुआ है। मोदी बोले– बंगाल के भाग्य में आज से एक नया अध्याय जुड़ गया। आज बंगाल भय मुक्त हुआ है। विकास के भरोसे पर युक्त हुआ है। साथियों इस जीत के साथ वंदे मातरम् के 150वे साल में और बंकिम जी को बंगाल के लोगों ने सादर नमन किया है। बंगाल में हमारे कितने कार्यकर्ताओं ने अपना जीवन इस जीत के लिए समर्पित किया है। भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं को अत्याचार सहने पड़े।

## निर्माण गुणवत्ता में जरा भी लापरवाही नहीं चलेगी : सीएम



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बेमेतरा जिले के नगर पंचायत दाढ़ी क्षेत्र में हाल ही में निर्मित सीसी रोड के अल्प समय में ही क्षतिग्रस्त होने संबंधी प्रकाशित समाचार को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही पूर्णतः अस्वीकार्य है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बेमेतरा की कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं से दूरभाष पर चर्चा कर पूरे प्रकरण की विस्तृत एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित सीसी रोड का तकनीकी परीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए तथा निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, कार्य की गुणवत्ता और पर्यवेक्षण व्यवस्था की समग्र जांच की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि यदि जांच में गुणवत्ता में कमी, मानकों का उल्लंघन अथवा किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही क्षतिग्रस्त सड़क का त्वरित रूप से पुनर्निर्माण कर आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

### जनता ने तुष्टीकरण, भय और भ्रष्टाचार की राजनीति को पूरी तरह नकार दिया है - मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

# विकास, सुशासन और राष्ट्रहित के पक्ष में ऐतिहासिक जनादेश- मुख्यमंत्री

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण बताया है।**



उन्होंने कहा कि यह जनादेश जागरूक, राष्ट्रनिष्ठ और विकासोन्मुख जनता की परिपक्व सोच का परिणाम है, जिसने सुशासन, स्थिरता और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को असम और पुडुचेरी में पुनः जनादेश प्राप्त होना तथा पश्चिम बंगाल में पार्टी की ऐतिहासिक सफलता, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित सुशासन और 'विकसित भारत' के संकल्प पर जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने इसे तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भय की राजनीति पर विकास और राष्ट्रवाद की निर्णायक विजय बताया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह विजय वहां के समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, त्याग और संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह जीत भारतीय लोकतंत्र, जनविश्वास और राष्ट्र की एकता की जीत है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन देश को 'विकसित भारत' की दिशा में और मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस सफलता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीतिक नेतृत्व क्षमता तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के संगठनात्मक कौशल की सराहना की। उन्होंने कहा कि देशभर के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ छत्तीसगढ़ से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बंगाल और असम में योगदान दिया, जिनके परिश्रम से यह उपलब्धि संभव हुई। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विपक्षी दलों के लिए आत्ममंथन का अवसर है। देश की जनता अब झूठ, दुष्प्रचार और भय की राजनीति को



अस्वीकार कर चुकी है और विकास, पारदर्शिता एवं सुशासन को ही अपना समर्थन दे रही है। मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग, सुरक्षा बलों और प्रशासनिक अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया।

# टोल में वसूली पूरी सुविधा जीरो - मनोज निर्वाणी




**राजनांदगांव।** जिला भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्री मनोज निर्वाणी ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राजनान गाँव से 8 किलोमीटर दूर स्थित टोल प्लाजा की बदहाल व्यवस्था पर गहरा रोष व्यक्त किया है।

श्री निर्वाणी ने कहा कि यह टोल प्लाजा मूल रूप से टुमड़ी बोर्ड से आगे लगना था, लेकिन किसी कारणवश इसे राजनान गाँव के पास लगा दिया गया। परिणामस्वरूप राजनान गाँव सहित पूरे जिले के निवासियों से टोल वसूला जा रहा है, जबकि सुविधाएँ शून्य हैं।

### जनता की मुख्य समस्याएं इस प्रकार हैं:

**1.प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं**- टोल तक पहुँचने वाले रास्ते पर घना अंधेरा रहता है। रात में वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

**2. सड़क की दुर्दशा**- टोल के आसपास सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण आए दिन गाड़ियां खराब होती हैं और पंचर हो जाती हैं।

**3. आपातकालीन सुविधा शून्य**- दुर्घटना होने पर कॉल करने की कोई व्यवस्था नहीं है। कहीं भी हेल्पलाइन नंबर डिस्प्ले नहीं किया गया है। एंबुलेंस की तत्काल सुविधा उपलब्ध नहीं है।

**4. साइन बोर्ड/एरो का अभाव**- टोल के पास दिशा सूचक एरो, सिग्नल लाइट या जरूरी सूचना बोर्ड नहीं लगे हैं। बाहर से आने वाले यात्रियों को भारी भ्रम होता है।

**5. बुनियादी सुविधाओं की कमी**- पेयजल, शौचालय, पंचर ठीक करने की सुविधा या फर्स्ट-एड जैसी कोई व्यवस्था टोल प्रबंधन की ओर से नहीं दी गई है।

श्री मनोज निर्वाणी ने कहा कि वसूली पूरी हो रही है लेकिन व्यवस्था जीरो है। जिले व शहरवासियों से पूरा टोल लिया जा रहा है पर बदले में सुविधा के नाम पर कुछ नहीं मिल रहा। यह सीधे-सीधे जनता के साथ अन्याय है।

### जिला भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने टोल प्रबंधन से तत्काल मांग की है-

1. टोल मार्ग पर पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाए
2. गड्ढों को भरकर सड़क दुरुस्त की जाए
3. पंचर, क्रेन और एंबुलेंस की 24 घंटे सुविधा उपलब्ध कराई जाए
4. हेल्पलाइन नंबर और जरूरी साइन बोर्ड/एरो स्पष्ट रूप से डिस्प्ले किए जाएं
5. पेयजल और शौचालय की उचित व्यवस्था हो

श्री निर्वाणी ने चेतावनी दी कि यदि टोल प्रबंधन ने जल्द सुधार करें जनता का पैसा सुविधा के लिए है, सिर्फ वसूली के लिए नहीं।

# संयुक्त टीम ने की पोहा व दाल मिल की जांच, साफ- सफाई व स्वच्छता में कमी पर जग्गी पल्सेस को नोटिस



**भाटापारा** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर सही दवा शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत संयुक्त टीम द्वारा खाद्य एवं औषधि के छोटेबड़े सभी दुकानों की जांच कर गुणवत्ता व सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में संयुक्त टीम द्वारा नगर में पोहा व दाल मिलो का गहन निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम द्वारा जग्गी पल्सेस, विजन फूड्स, मोनी पल्सेस, तिरूपति मिल एवं श्री साई बाबा उद्योग से उड़द दाल, अरहर दाल, व पोहा का नमूना संकलन कर विश्लेषण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने उपरान्त आगे की कार्यवाही की जाएगी। जग्गी पल्सेस के उत्पादन इकाई में साफ-सफाई की कमी व पुराने कबाड़ पाए जाने के कारण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 55 के तहत नोटिस जारी किया गया। सभी पोहा व दाल मिल संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के लेबलिंग एंड डिस्प्ले रेगुलेशन 2020 के तहत् पैक्ड खाद्य पदार्थों पर उत्पाद तिथि, बैच नंबर व पोषण सूचना आवश्यक रूप से अंकित करने के निर्देश दिये गए हैं।

# ग्राम अरसनारा में सीसी रोड, नाली निर्माण एवं सामुदायिक भवन का भूमिपूजन संपन्न



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**बेमेतरा।** ग्राम अरसनारा में सीसी रोड, नाली निर्माण एवं सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश 'निक्की' भाले शामिल हुए। अन्य अतिथियों में सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, राजा पाठक सांसद प्रतिनिधि, रानी बन्छोर पाटन मंडल अध्यक्ष, ज्योतिप्रकाश साहू अध्यक्ष दरबारमोखाली मंडल, सुलेन साहू,पुष्पा मानिकपुरी पूर्व सरपंच,डेहर लाल साहू, मेहतर वर्मा, केवल देवांगन, पोखन लाल साहू, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। स्वागत भाषण सरपंच खिलेश्वरी साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए माननीय विजय बघेल जी सांसद का निर्माण कार्यों की स्वीकृति हेतु आभार प्रगट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रानी बंछोर ने सांसद निधि से विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन पर आभार व्यक्त किया और कहा कि गांव में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। कमलेश वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पाटन विधानसभा में भाजपा का विधायक नहीं होने के बावजूद क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी हैं। मुख्य अतिथि विजय बघेल ने सभी ग्रामवासियों को इस शुभ अवसर की बधाई देते हुए कहा कि जनता के हित में जो भी कार्य होंगे, उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विष्णु देव साय के सुशासन में प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है और पाटन विधानसभा क्षेत्र में भी लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सरपंच हरिशंकर साहू ने किया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती खिलेश्वरी सोनू साहू, उपसरपंच जय प्रकाश साहू,कृष्णकुमार साहू,हरप्रसाद आडिल,टीकाराम देवांगन, पंचगण राहुल साहू, गायत्री वर्मा, अंकिता साहू, रेणुका सपहा, जितेश्वरी विश्वकर्मा, रानी कौशिक, देवेन्द्र साहू, यशवंत साहू,ललिता साहू, मुकेश निर्मलकर, चित्ररेखा साहू एवं लव कुमार बनपेला,पुनराम साहू, साहू,रामकृष्ण निर्मल,लक्ष्मन साहू,शीतल साहू,गजाधर ठाकुर,नंदकुमार साहू,भुवन बनपेला,कोमल वैष्णव,पंचायत सचिव पोषण सपहा, रमाकांत साहू,संतोष साहू,नरांतक साहू,अरुण साहू,रमेश वर्मा,कमलेश साहू,नरेंद्र कौशिक,सोनू साहू, तन्मय धुरंधर, हनुमान वैष्णव,किशन साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बंगाल विजय: संघ की जमीनी साधना शांति से शक्ति तक



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि राजनीति केवल बड़े मंचों, विशाल रैलियों और जोरदार नारों से तय नहीं होती। कई बार असली लड़ाई उन स्तरों पर लड़ी जाती है, जहां न कैमरे पहुंचते हैं और न ही जमीनी प्रयास सुर्खियां बनती हैं। इस बार के चुनाव में एक ऐसी ही खामोश रणनीति कारगर साबित हुई है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक, अद्भुत, अविस्मरणीय एवं करिश्माई जीत के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) की बहुत बड़ी भूमिका रही है। निश्चिततौर पर इस शानदार जीत के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह मुख्य भूमिका में हैं। लेकिन बंगाल में ममता बनर्जी की मजबूत चुनौती के सामने भाजपा की जीत के लिए संघ लंबे समय से मेहनत कर रही थी और उसकी वह मेहनत ही जीत का सशक्त माध्यम बनी है। पश्चिम बंगाल में लगातार चल रही हिन्दू विरोधी गतिविधियों एवं मुसलमानों के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए संघ ने इस चुनाव के मद्देनजर बहुत पहले से ही कमर कस ली थी, संघ ने पश्चिम बंगाल में 1.75 लाख से अधिक छोटी-बड़ी बैठकें आयोजित कीं। पिछले 15 सालों में संघ ने पश्चिम बंगाल में तेजी से विस्तार किया है और एक मजबूत 'हिंदू वोट बैंक' तैयार किया है। पश्चिम बंगाल में पिछले 15 वर्षों में संघ की शाखाओं की संख्या 900 से बढ़कर 5,000 तक पहुंच गई है। संघ के स्वयंसेवकों ने पश्चिम बंगाल में घर-घर जाकर 'बंग बचाओ' इस थीम पर 'मतदाता जागरूकता अभियान' चलाया। संघ की माइक्रो प्लानिंग ने बंगाल में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त दिलाई और सत्ता परिवर्तन का माध्यम बनी। पश्चिम बंगाल चुनाव भाजपा के लिए एक ऐतिहासिक 'मील का पत्थर' और ऐतिहासिक सफलता साबित हुआ। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि राजनीति केवल बड़े मंचों, विशाल रैलियों और जोरदार नारों से तय नहीं होती। कई बार असली लड़ाई उन स्तरों पर लड़ी जाती है, जहां न कैमरे पहुंचते हैं और न ही जमीनी प्रयास सुर्खियां बनती हैं। इस बार के चुनाव में एक ऐसी ही खामोश रणनीति कारगर साबित हुई है। जहां एक ओर ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का आक्रामक चुनाव प्रचार केंद्र में रहा, वहीं दूसरी ओर संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं ने अपेक्षाकृत शांत रहकर 'निःशब्द विप्लव' या 'मूक क्रांति' को अंजाम देते हुए जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर ध्यान दिया। बंगाल की अस्मिता, विकास और सांस्कृतिक पहचान जैसे मुद्दों को आधार बनाकर जनजागरण अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला, युवा, प्रबुद्ध वर्ग, किसान, श्रमिक और अनुसूचित जाति-जनजाति समुदायों तक अलग-अलग तरीकों से पहुंचने की कोशिश की गई। निश्चिततौर पर पश्चिम बंगाल की राजनीति ने वर्ष 2026 में जो ऐतिहासिक करवट ली, वह केवल सत्ता परिवर्तन की घटना नहीं है, बल्कि एक गहरे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिवर्तन का संकेत भी है। लंबे समय तक वामपंथी प्रभाव और उसके बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का वर्चस्व रहा, लेकिन इस बार जनमत ने जिस प्रकार से भाजपा के पक्ष में निर्णायक रूप से झुकाव दिखाया, उसने स्थापित राजनीतिक धारणाओं को चुनौती दी है। इस परिवर्तन के मूल में जो शक्ति को सबसे अधिक महत्वपूर्ण मानी रही है तो वह है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसने एक अदृश्य लेकिन अत्यंत प्रभावशाली भूमिका निभाई है। यह विजय केवल चुनावी रणनीतियों का परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों से चल रहे संगठनात्मक परिश्रम, वैचारिक विस्तार और समाज के भीतर गहराई तक किए गए संवाद का परिणाम है। पश्चिम बंगाल में संघ का विस्तार किसी तात्कालिक राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित नहीं था, बल्कि यह एक दीर्घकालिक सामाजिक दृष्टि का हिस्सा था। पिछले डेढ़ दशक में संघ ने प्रांत में जिस प्रकार अपनी शाखाओं का विस्तार किया और समाज के विभिन्न वर्गों तक अपनी पहुंच बनाई, उसने एक मजबूत वैचारिक आधार तैयार किया। यह कार्य किसी प्रचार की तरह नहीं, बल्कि एक शांत सामाजिक प्रक्रिया एवं क्रांति की तरह हुआ, जिसने धीरे-धीरे जनमानस को प्रभावित किया। यही कारण है कि जब चुनाव का समय आया, तो एक पहले से तैयार मानसिकता भाजपा के पक्ष में खड़ी दिखाई दी। इस पूरे परिदृश्य में सरसंघचालक मोहन भागवत की रणनीतिक दृष्टि को भी विशेष रूप से रेखांकित किया जाना चाहिए। उन्होंने बंगाल को केवल एक राजनीतिक इकाई के रूप में नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक भूमि के रूप में देखा, भारत की अस्मिता के रूप में देखा। जिसकी अपनी विशिष्ट पहचान और परंपराएं हैं।



अतिथि संपादक - ललित गर्ग

# छत्तीसगढ़ की जड़ी-बूटियों से महकेगा नारी शक्ति का स्वावलंबन

**धनंजय राठौर**
संयुक्त संचालक
**अशोक कुमार चंद्रवंशी**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी




छत्तीसगढ़ के वनांचल की गोद में छिपी अमूल्य औषधि संपदा अब केवल स्वास्थ्य का आधार नहीं, बल्कि प्रदेश की नारी शक्ति के आर्थिक स्वावलंबन का नया अध्याय बन रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सुशासन की जिस परिकल्पना को साकार कर रही है, उसे वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप और छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम के मार्गदर्शन में धरातल पर उतार रहा है। गिलोय, कालमेघ, बहेड़ा, सफेद मूसली, जंगली हल्दी, गुड़मार, अश्वगंधा, और शतावरी जैसी महत्वपूर्ण औषधीय वनस्पतियों से अर्क और उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं।

## पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक पहचान

वनांचल में बिखरे पारंपरिक ज्ञान को महज एक स्मृति न रहने देने के संकल्प के साथ बोर्ड ने इसे वैज्ञानिक पद्धति से जोड़ने का निर्णय लिया है। इसके तहत उन स्थानीय वैद्यों और जानकारों का चिन्हांकन शुरू किया गया है, जिनके पास असाध्य रोगों के उपचार का अद्भुत ज्ञान है। बोर्ड का प्रयास इन महिलाओं को एक उचित मंच प्रदान करना है, ताकि उनकी विशेषज्ञता का लाभ समाज को मिले और वे स्वयं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर सकें। यह केवल एक प्रशासनिक प्रि या नहीं, बल्कि उस विरासत का सम्मान है जिसे ग्रामीण महिलाओं ने सदियों से सहेजकर रखा है। छत्तीसगढ़ में पारंपरिक जड़ी-बूटी और जनजातीय ज्ञान को अब आधुनिक विज्ञान के माध्यम से नई पहचान मिल रही है। राज्य के वनों में छिपे औषधीय खजाने को वैज्ञानिक आधार पर प्रमाणित कर, उसे आजीविका के साधन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## संग्रहण से प्रसंस्करण तक- उद्यमिता की नई उड़ान

आर्थिक मोर्चे पर सबसे बड़ा बदलाव तब दिखाई दे रहा है, जब जड़ी-बूटियों का संग्रहण करने वाली महिलाएं अब संग्राहक से आगे बढ़कर निर्माता की भूमिका में नजर आ रही हैं। बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, महिला स्व-सहायता समूहों को औषधि प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) के उन्नत गुर सिखाए जा रहे हैं। यह पहल न केवल औषधीय पौधों का संरक्षण कर रही है, बल्कि वनवासियों और लघु वन उपज संग्राहकों की आय में वृद्धि करके उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। छत्तीसगढ़ में 1500 से अधिक सक्रिय वैद्यों के ज्ञान को सहेजने और जड़ी-बूटियों के विपणन के लिए छत्तीसगढ़ जनजातीय स्थानीय स्वास्थ्य परंपराएं और औषधीय पादप बोर्ड सक्रिय रूप से काम कर रहा है। यह संस्था हर्बल उत्पादों की खेती, मूल्य संवर्धन, और मार्केटिंग में तकनीकी सहायता और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करती है।

## मूल्य संवर्धन (वेल्यू एडिशन)

छत्तीसगढ़ में जड़ी-बूटी मूल्य संवर्धन एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से राज्य के समृद्ध वन संसाधनों को वैज्ञानिक तरीके से संसाधित (प्रोसेस) करके उनके आर्थिक मूल्य को बढ़ाया जा रहा है। राज्य सरकार 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स' ब्रांड के तहत इन उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। जब ये महिलाएं वनों से प्राप्त कच्ची सामग्री को साफ कर, सुखाकर उसे चूर्ण, अर्क या तेल के रूप में परिवर्तित करती हैं, तो उत्पाद की कीमत और गुणवत्ता कई गुना बढ़ जाती है। इस मूल्य संवर्धन का सीधा आर्थिक लाभ उनके बैंक खातों तक पहुँच रहा है, जिससे बिचौलियों का वर्चस्व पूरी तरह समाप्त हो गया है। गिलोय, कालमेघ, बहेड़ा, सफेद मूसली, जंगली हल्दी, गुड़मार, अश्वगंधा, और शतावरी जैसी महत्वपूर्ण औषधीय वनस्पतियों से अर्क और उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। 65 से अधिक लघु वन उपज प्रजातियों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी और उनका प्रसंस्करण किया जा रहा है। यह पहल छत्तीसगढ़ को एक प्रमुख हर्बल स्टेट के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो परंपरा और आधुनिक तकनीक का संगम है।





## छत्तीसगढ़ हर्बल्स को वैश्विक पहचान

छत्तीसगढ़, जिसे 'जड़ीबूटि गढ़' भी कहा जाता है, अपने घने जंगलों, विशेषकर बस्तर में 160 से अधिक प्रकार की दुर्लभ जड़ी-बूटियों का प्राकृतिक खजाना है। यहाँ की मिट्टी में अश्वगंधा, सर्पगंधा, गोक्षुरा (गोखरू), कुटकी और तिखुर जैसी औषधियां पाई जाती हैं, जो स्वास्थ्य और जीवन शक्ति के लिए प्रसिद्ध हैं। बाजार की चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए बोर्ड ने विपणन (मार्केटिंग) तंत्र को पारदर्शी बनाया है। प्रदेश के छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड को सशक्त करने के लिए प्रदर्शनियों और रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से इन उत्पादों को सीधे शहरी उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'व्होकल फार लोकल' और मुख्यमंत्री के 'लखपति दीदी' अभियान को सफल बनाने में यह रणनीति संजीवनी का कार्य कर रही है।

## नर्सरी प्रबंधन और स्थानीय रोजगार

जड़ी बूटियों को किचिन गार्डन, होम गार्डन में खिड़की, बालकनी, टेरिस पर गमलों, या अन्य कंटेनरों में कभी भी उगाया जा सकता है। कंटेनर गार्डनिंग या ग्रो बैग में जड़ी-बूटियां उगाने का एक फायदा यह भी है कि जड़ी-बूटी को उसकी जरूरत के आधार पर मिट्टी, पोषक तत्व, सूर्य प्रकाश और नमी के स्तर को नियंत्रित किया जा सकता है तथा गमलों में उगाई गई प्रत्येक जड़ी-बूटी (हर्बल) को उसकी आदर्श स्थितियां दे सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण और आजीविका के बीच संतुलन बनाने के उद्देश्य से औषधीय पौधों की 'मदर नर्सरी' विकसित करने की जिम्मेदारी महिला समूहों को सौंपी जा रही है। इससे दुर्लभ जड़ी-बूटियों की प्रजातियों को विलुप्त होने से बचाया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर महिलाओं के लिए बारहमासी रोजगार के द्वार खुल गए हैं, जिससे वनांचल से होने वाले पलायन पर भी अंकुश लगा है।

## समृद्ध नारी, सशक्त छत्तीसगढ़

राज्य शासन का यह समेकित दृष्टिकोण इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड केवल एक प्रशासक की नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। सामूहिक नेतृत्व और संस्थागत सुधारों पर जोर देने से आज छत्तीसगढ़ की बेटियां आत्मनिर्भर बन रही हैं। वनांचल की महिलाओं के चेहरे पर उपजी मुस्कान एक समृद्ध और स्वावलंबी छत्तीसगढ़ की सच्ची तस्वीर पेश कर रही है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 22 वाहन चालकों पर बेमेतरा पुलिस की सख्त कार्यवाही

## बेमेतरा पुलिस आम नागरिकों से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करें

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**बेमेतरा।** पुलिस उप महानिरीक्षक (DIG) श्री रामकृष्ण साहू (IPS) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार यादव एवं डीएसपी (मुख्यालय) श्री राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा श्री भुषण एक्का, एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, डीएसपी श्रीमती शशीकला उइके के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी व यातायात बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, भारी वाहन, तेज गति से वाहन चलाना, दोपहिया पर मॉडिफाई साइलेंसर तथा शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 02 मई 2026 को चौकी मारो 05 चालान में 05 वाहन चालको, चौकी कंडरका 03 चालान में 03 वाहन चालको, चौकी संबलपुर 05 चालान में 05 वाहन चालको, यातायात बेमेतरा 09 चालान में 09 वाहन चालको, कुल 22 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें 04 प्रकरण माननीय न्यायालय पेश एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले जैसे तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, माल वाहक में सवारी बैठाना, तेज गति, घातक तरीके से वाहन खडी करना, मौके पर कागजात पेश न करना, बिना लायसेंस वाहन चालको के विरूद्ध 18 प्रकरण में 6,200/- रूपये समन शुल्क लिया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान थाना/चौकी प्रभारी एवं यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, सउनि मोहन साहू, रघुवीर सिंह सहित यातायात पुलिस टीम शामिल रहे।

*पुलिस उप महानिरीक्षक (DIG) श्री रामकृष्ण साहू (IPS) के निर्देशन पर जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान जारी। 18 प्रकरण में 6,200/- रूपये समन शुल्क, 04 प्रकरण माननीय न्यायालय पेश।*



इसी क्रम में सशक्त ऐप के माध्यम से गुम या चोरी हुए वाहनों की पहचान हेतु वाहन चेकिंग की जा रही है। जिले के विभिन्न थाना/चौकी एवं यातायात स्टाफ के द्वारा 02 मई 2026 को सशक्त एप(एप्लिकेशन) के माध्यम से चौक-चौराहो में वाहन चेकिंग कर व पेट्रोलिंग के दौरान सशक्त एप (एप्लिकेशन) के माध्यम से यातायात बेमेतरा में 60 वाहनों की चेकिंग की गई। बेमेतरा पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाएं, नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं तथा वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर, श्रम कानूनों की दी गई जानकारी

***बेमेतरा।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन कैलेंडर 2026-27 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के मार्गदर्शन में नवीन निर्माणाधीन जिला एवं सत्र न्यायालय भवन बेमेतरा में कार्यरत श्रमिकों के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।*




शिविर में सचिव स्वर्णलता ओम यादव द्वारा श्रमिकों को श्रम कानूनों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष 01 मई को श्रमिकों के सम्मान के लिए यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भवन, सड़क और अन्य निर्माण कार्यों में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और उनके बिना कोई भी निर्माण संभव नहीं है।

श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि देश की उन्नति, समृद्धि और खुशहाली में उनका अहम योगदान है। इस अवसर पर श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्रों द्वारा नवीन निर्माणाधीन कृषि महाविद्यालय बेमेतरा, बी.टी.आई. रोड, ग्राम मोहभट्ठा एवं ग्राम निनवा में भी विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर श्रम कानूनों की जानकारी दी गई। शिविर में बताया गया कि श्रमिकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से इस दिवस का आयोजन किया जाता है।

अधिकार मित्रों ने यह भी जानकारी दी कि किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा या तहसील स्तर पर तालुका विधिक सेवा समिति से संपर्क कर नि:शुल्क सहायता प्राप्त की जा सकती है।



केंद्रीय योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों का जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा

# लोकसभा सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में ''दिशा'' समिति की बैठक संपन्न

## जिले के सर्वांगीण विकास के लिए अधिकारियों का जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**बेमेतरा।** दुर्ग संसदीय लोकसभा सांसद श्री विजय बघेल की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दिशा (जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति) की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की बेहतर क्रियान्वयन करने और अधिकारीगणों को जवाबदेही सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं सेवाओं और कार्यक्रमों का जमीनी हकीकत परखना और क्रियान्वयन में तेजी लाने हेतु कार्ययोजना निर्धारित करना था। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री दयाल दास बघेल, विधायक बेमेतरा श्री दीपेश साहू, विधायक साजा श्री ईश्वर साहू, तीनों जनपद पंचायत के अध्यक्षगण, सभी नगरीय निकायों के अध्यक्ष सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधि गण, कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, ए डी जी श्री रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर श्री प्रकाश भारद्वाज, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रेमलता पद्माकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### जवाबदेही के साथ समय सीमा का पालन करें

सांसद श्री विजय बघेल ने सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने आमजनता के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देने , योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने, जनता के प्रति अपनी जवाब देही सुनिश्चित करने के साथ समय समय पर आने वाली चुनौतियों का सामना व समाधान कर जिले के विकास को रेखांकित करने कहा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में

गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों और सेवाओं की गुणवत्ता उच्च स्तर की होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस उद्देश्य पर जोर दिया कि विभिन्न योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचनी चाहिए। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए फील्ड स्तर पर सक्रियता बढ़ाने कहा।

भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस- सांसद ने हिदायत दी कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता न हो। सांसद ने अधिकारियों को नसीहत दी कि वे केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि धरातल पर काम करके दिखाएं ताकि केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप जिले का चहुंमुखी विकास हो सके।

### विभागवार योजनाओं की समीक्षाः कृषि, खाद्य, जल मिशन, मनरेगा पर विशेष जोर

बैठक में सांसद श्री बघेल ने ?जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर शुद्ध पेयजल पहुँचाने के लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिले यह प्रधानमंत्री की बहुप्रतिक्षित योजनाएं है। योजना का बेहतर क्रियान्वयन हो, सुनिश्चित करने कहा गया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में जनसहभागिता से प्रभावी कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने गहरी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर आज जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आने वाली भविष्य में पानी को लेकर भारी संकट पैदा होगा। उन्होंने एक एक पानी की बूंद सहेजने का संकल्प लेने कहा। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटन और निर्माण की स्थिति जानकारी लेते हुए कहा कि कोई भी पात्र आवासहीन हितग्राही योजना का लाभ लेने से वंचित न हो सुनिश्चित करें। स्वीकृत आवास निर्माण को शीघ्रतापूर्वक पूर्ण करने कहा।

सांसद श्री बघेल ने ?स्वास्थ्य एवं शिक्षा को जीवन का मूल आवश्यकता बताते हुए विभागीय योजनाओं सेवाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की । आयुष्मान भारत कार्ड और स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की गई। बैठक में कृषि और ग्रामीण विकास योजनांतर्गत मनरेगा के तहत रोजगार सृजन और कृषि से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गईं।? बैठक के दौरान सांसद श्री विजय बघेल ने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों को जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए।

बैठक की शुरुआत एजेंडा अनुसार विभागवार समीक्षा से हुई। सर्वप्रथम कृषि विभाग से जानकारी ली गई। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत लाभान्वित किसानों की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि योजनाओं की पहुंच अंतिम पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित करने हेतु नियमित शिविरों का आयोजन कर जन-जागरूकता बढ़ाई जाए। खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी राशन कार्ड धारकों को प्रति माह वास्तविक समाग्री वितरीत करने निर्देशित किया। जनप्रतिनिधियों के द्वारा अनियमित रूप से राशन दुकानों के बंद होने की शिकायत किया गया। राशन दुकानों के संचालन में अनियमितता नहीं बरतने निर्देशित किया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में राज्य में तीसरे नंबर पर आने पर प्रशंसा की

सांसद श्री बघेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए राज्य में योजना के क्रियान्वयन में तीसरे नंबर पर आने पर प्रशंसा किया।

उन्होंने कहा कि अन्य योजनाएं का क्रियान्वयन भी इसी तरह करते हुए जिले का विकास करें।

### स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, महिला सशक्ति करण और ग्रामीण विकास पर भी रहा फोकस

श्री बघेल ने स्वास्थ्य विभाग से स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, सम्पूर्ण टीकाकरण, कुपोषण की स्थिति और बच्चों के लिए पोषण संबंधी प्रयासों की जानकारी ली। शिक्षा विभाग से पीएम श्री योजना, शासकीय-अशासकीय स्कूलों में गणवेश एवं पुस्तकों के वितरण, शिक्षक उपलब्धता, पढ़ाई की स्थिति, व जर्जर भवनों की मरम्मत हेतु डीएमएफ व विधायक निधि से प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की आवश्यकता जताई। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा करते हुए लंबित पेंशन भुगतान, अपूर्ण कार्यों में आ रही कठिनाइयों, और ठेकेदारों द्वारा कार्यों में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। सांसद श्री बघेल ने अधिकारियों से पारदर्शिता और समयबद्धता से कार्य करते हुए केंद्र की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी योजनाओं के कार्यों की मॉनिटरिंग में भागीदारी निभाने को कहा, विशेषकर ग्रामीण एवं अंदरूनी क्षेत्रों में । सांसद श्री बघेल ने बैठक के अंत में अधिकारियों से कहा कि योजनाएं जनता आर्थिक उन्नयन और सशक्त रूप से संबल बनाने के लिए संचालित की जाती है, इसे ध्यान में रखते हुए पूर्ण जवाबदारी पूर्वक कार्य करने निर्देशित किया।



# जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने आमजन की समस्याएं सुनीं

## जनदर्शन में प्राप्त हुए 74 आवेदन, कई मामलों का मौके पर निराकरण




बेमेतरा। जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत आज कलेक्टरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया गया।

आज आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।




### जिला बेमेतरा, चौकी देवकर पुलिस की मवेशी तस्करी पर सख्त कार्यवाही

# 5 नग गौवंश (भैंस-पड़वा) से भरी पीकअप वाहन, जुमला कीमती करीबन 5 लाख 76 हजार रूपये सहित आरोपी गिरफ्तार

## एक विधि के साथ संघर्षरत बालक भी शामिल

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**बेमेतरा।** प्रार्थी वामन ताम्रकार उम्र 21 वर्ष, एवं अन्य निवासी धमधा जिला दुर्ग, गौवंश सेवकों ने चौकी देवकर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 03 मई 2026 को देर रात को गौ वंश की तस्करी कर कत्लखाना ले जाने की सूचना मिलने पर देवकर सुरही नदी ओवर ब्रिज के पास में गौ वंश (भैंस पड़वा) को वाहन पिकअप क्रमांक MH 35 AJ 4293 के चालक ईरसाद खान, साथी गोविन्द मरावी व एक अन्य साथी के द्वारा उक्त वाहन में बिना पशु खरीदी बिक्री रसीद कागजात के बिना चारा पानी भुसा दिए ठुस ठुस कर वाहन में कुरतापूर्वक भरकर परिवहन करते कत्लखाना ले जा रहे थे कि रिपोर्ट पर आरोपीगणों के खिलाफ अपराध सदर धारा 325 BNS, छ.ग. कृषक पशु परि.अधि. 2004 की धारा 4,6,10, पशुओ के प्रति क्रुरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, छ.ग. कृषक पशुओं का परिवहन अधिनियम 1978 की धारा 47



(ए),47(सी),49(ए),54(1)(2)(3),55(ए) एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस उप महानिरीक्षक (DIG) श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने तत्काल आरोपी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिए। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार




यादव एवं एसडीओपी बेमेतरा श्री भुषण एक्का, एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी देवकर उप निरीक्षक अलील चंद को अपराध विवेचना हेतु पुलिस चौकी स्टाफ के साथ लगाया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त पिकअप क्रमांक MH 35 AJ 4293 सहित 05 नग गौवंश (भैंस- पड़वा) कुल जुमला कीमती लगभग 5,76,000/- रूपये को जप्त किया गया।

प्रकरण में आरोपी 01. ईरसाद खान पिता हनीफ खान उम्र 22 वर्ष, निवासी चीमटोला थाना लांजी जिला बालाघाट (म.प्र.), 02. गोविन्द मरावी पिता स्व. सुखमन सिंह उम्र 70 वर्ष, निवासी बगदेही, थाना लांजी जिला बालाघाट (म.प्र.) को 03 मई 2026 को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया एवं एक विधि के साथ संघर्षरत बालक को माननीय न्याय किशोर बोर्ड न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी प्रभारी देवकर उप निरीक्षक अलील चंद, सउनि छोटे लाल बंजारे, प्रधान आरक्षक उमाशंकर ठाकुर, ललित केरकेट्टा, आरक्षक दीपक सिंह, मुकेश पाल, मनीष वर्मा, भुषण मारकंडेय एवं अन्य स्टाफ व गौ सेवको की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

# साजा विधायक ईश्वर साहू एवं पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे कथा में शामिल हुए

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**थानखम्हरिया।** समीप ग्राम लोधीकापा में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास महंत श्री गोपालशरण देवाचार्य जी महाराज ने भगवान विष्णु के राम अवतार, कृष्ण अवतार एवं वामन अवतार की लीलाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा के दौरान पांडाल श्रद्धालुओं की तालियों एवं जयकारों से गूंज उठा।

कथा व्यास ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार, दुराचार एवं पाप बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना एवं अधर्म के नाश हेतु अवतार लेते हैं। श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग में बताया गया कि मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से त्रस्त होकर पृथ्वी की करुण पुकार सुन भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लेकर कंस का अंत किया तथा धर्म और प्रजा की रक्षा की।

उन्होंने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य अत्यंत दुर्लभ होता है। जब भी ऐसा अवसर मिले, उसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा तभी सार्थक होती है जब मनुष्य उसके बताए मार्ग पर चलकर परमार्थ एवं सेवा का कार्य करे।

कृष्ण जन्मोत्सव अवसर पर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की सहित अनेक भजनों से श्रद्धालु



भावविभोर हो उठे। भगवान श्रीकृष्ण एवं वासुदेव जी की आकर्षक झांकी ने श्रोताओं का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने भगवान का पूजन-अर्चन कर माखन-मिश्री का भोग अर्पित किया। नंदोत्सव के दौरान महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया तथा भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की आरती उतारकर मिठाई, फल एवं फूल वितरण कर उत्सव मनाया।

चौथे दिवस कथा में भगवान विष्णु के अवतारों की महिमा बताते हुए महाराज श्री ने कहा कि भगवान के अवतार राक्षसों के अंत एवं भक्तों की रक्षा के लिए होते हैं। वामन अवतार ने राजा बलि के अहंकार का नाश किया, रामावतार में रावण का विनाश हुआ तथा कृष्णावतार में कंस के अत्याचार समाप्त हुए।

कार्यक्रम में साजा विधायक ईश्वर साहू एवं पूर्व विधायक व पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे शामिल हुए और कथा श्रवण कर धर्मलाभ लिया। इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों के आगमन से श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा।

कार्यक्रम के मुख्य जजमान मनोज कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार वर्मा, सुरेश कुमार, श्रीमती इंद्राणी, अजय कुमार, श्रीमती रानी, बसंत कुमार, श्रीमती शैल्यू, विकास कुमार, श्रीमती दिशा एवं सोनू पटेल उपस्थित रहे। यह आयोजन स्वर्गीय राजेंद्र कुमार वर्मा के वार्षिक श्राद्ध के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं आसपास ग्रामीण अंचल के श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# बंगाल की विजय भाजपा के कुशल नेतृत्व पर अटूट विश्वास का प्रतीक है -नितिन अग्रवाल

***रायपुर।*** *भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक श्री नितिन अग्रवाल ने अपने एक व्यक्त व्य में कहा है कि,भारतीय जनता पार्टी की यह ऐतिहासिक सफलता केवल एक चुनावी जीत नहीं है, बल्कि यह देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर जनता के अटूट विश्वास का सशक्त प्रमाण है।*



श्री अग्रवाल ने आगे कहा, यह विजय हमारे आदरणीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की कुशल रणनीति, मजबूत संगठन और अथक परिश्रम का परिणाम है। लेकिन विशेष रूप से मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी के नेतृत्व को नमन करना चाहता हूँ, जिनके दूरदर्शी मार्गदर्शन, संगठन क्षमता और सशक्त नेतृत्व ने इस जीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनके कुशल निर्देशन में पार्टी ने जमीनी स्तर पर अभूतपूर्व कार्य किया और यही इस ऐतिहासिक सफलता का एक प्रमुख आधार बना।

छत्तीसगढ़ से भी हमारे अनेक समर्पित नेताओं ने इस अभियान में अहम योगदान दिया। पिछले दो माह से बंगाल चुनाव में लगे विशेष रूप से भाजपा नेता नितिन गौरीशंकर अग्रवाल जी ने पहले ही विश्वास जताया था कि पश्चिम बंगाल में भाजपा इतिहास रचेगी — और आज उनके शब्द सत्य सिद्ध हुए हैं।

यह जीत केवल नेताओं की नहीं, बल्कि भाजपा के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता की जीत है, जिसने दिन-रात मेहनत करके पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया। यह जीत विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर जनता के विश्वास की जीत है।

आइए, इस ऐतिहासिक सफलता से प्रेरणा लेकर हम सब मिलकर भारत को एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को और आगे बढ़ाएं। श्री अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों को इस शानदार सफलता के लिए हृदय से बधाई दी है ।

# सरस्वती शिशु मंदिर थान खम्हरिया का शानदार परिणाम, जितेंद्र रजक और करुणा पाटिल ने लहराया परचम

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी एवं हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु मंदिर थान खम्हरिया ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

## कक्षा द्वादश (12वीं) में शानदार प्रदर्शन

विद्यालय के भैया जितेंद्र रजक ने 91त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल स्कूल बल्कि पूरे गांव को गर्वित किया है।

द्वितीय स्थान पर बहिन पलक सेन (85.20%), तृतीय स्थान पर माही साहू (85%) तथा चतुर्थ स्थान पर आदित्य वैष्णव (83%) रहे।







## कक्षा दशम (10वीं) में भी उत्कृष्ट उपलब्धि

कक्षा 10वीं में बहिन करुणा पाटिल ने 92% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं माता-पिता के सहयोग को दिया।

द्वितीय स्थान पर भावना नेताम (91.33%), तृतीय स्थान पर गोमती साहू (89.83%) तथा चतुर्थ स्थान पर भैरवी कौशिक (87.17%) रहीं।

## अभिभावकों ने जताया आभार

विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रसन्न अभिभावकों ने विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का अनुशासित वातावरण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा बच्चों को सफलता की ओर अग्रसर करती है।

## क्षेत्र में हर्ष का माहौल

उत्कृष्ट परिणाम के बाद नगर एवं गांव में खुशी की लहर है। गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## उत्कृष्टता की परंपरा बरकरार

सरस्वती शिशु मंदिर थान खम्हरिया विगत वर्षों से बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए जाना जाता है। यहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, अनुशासित एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान की जाती है, जिससे वे शिक्षा के साथ जीवन में भी सफलता प्राप्त कर रहे हैं।विद्यालय की प्रबंध समिति के समस्त पदाधिकारी, सदस्यगण एवं आचार्य बंधु-भगिनियों ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कक्षा 12वीं परीक्षा में दरख्शा फातिमा ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

### एसएजीईएस थान खमरिया की छात्रा ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर बढ़ाया विद्यालय का मान

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 2026 में एसएजीईएस (SAGES) थान खमरिया की छात्रा दरख्शा फातिमा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है।

दरख्शा फातिमा ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 377 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी (First Division) से परीक्षा उत्तीर्ण की।



छात्रा ने हिंदी में 76, अंग्रेजी में 80, भौतिकी में 62, रसायन शास्त्र में 82 तथा जीव विज्ञान में 77 अंक अर्जित किए। इस सफलता पर छात्रा के पिता सैय्यद अतीफ अली एवं परिवारजनों में हर्ष का माहौल है। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

दरख्शा फातिमा की इस सफलता से विद्यालय सहित नगर का नाम गौरवान्वित हुआ है।

# कक्षा 5वीं सीजी बोर्ड में रिद्धि सिंह ने 99% एवं सिद्धि सिंह ने 98.5% अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** कक्षा 5वीं सीजी बोर्ड परीक्षा परिणाम में नगर की छात्राओं रिद्धि सिंह एवं सिद्धि सिंह ने शानदार सफलता हासिल कर नगर सहित जिले का नाम रोशन किया है। रिद्धि सिंह ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं सिद्धि सिंह ने 98.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर सफलता का परचम लहराया।

रिद्धि एवं सिद्धि, भाजपा नेता रोहित भारती की सुपुत्रियां हैं। दोनों बहनों की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों ने बताया कि दोनों छात्राएं शुरू से ही मेधावी एवं पढ़ाई के प्रति समर्पित रही हैं। उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन का ही परिणाम है कि उन्होंने इतनी शानदार सफलता प्राप्त की है।

दोनों बेटियों की सफलता पर नगरवासियों, परिजनों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# राजेश मूणत एवं श्रीचंद सुंदरानी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**थान खमरिया।** रायपुर प्रवास के दौरान पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव लाभचंद बाफना रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री राजेश मूणत जी एवं रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्री श्रीचंद सुंदरानी जी के निवास पहुंचकर उन्हें



जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर सामाजिक, राजनीतिक एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की गई। उपस्थितजनों ने सभी जनप्रतिनिधियों के स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

सुशासन तिहार

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पीएम जनमन के हितग्राही को सौंपी खुशियों की चाबी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के अंतर्गत जारी राज्यव्यापी दौरे में आज खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के छुईखदान विकासखंड के ग्राम सरोधी में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत सुभान सिंह मेरावी को उनके नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपकर गृह प्रवेश कराया।





सुभान सिंह ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि मुख्यमंत्री स्वयं उनके गांव आकर उन्हें यह सौभाग्य देंगे। उनके लिए यह केवल घर नहीं, बल्कि सम्मान और विश्वास का प्रतीक है।बउन्होंने बताया कि उन्हें वन अधिकार पट्टा के तहत 3 एकड़ 2 डिसमिल भूमि मिली है, जिस पर खेती कर वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। साथ ही उनकी पत्नी को महतारी वंदन योजना के तहत नियमित आर्थिक सहायता भी मिल रही है, जिससे घरेलू जरूरतों में सहयोग मिल रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि शासन का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# मयूर उच्च. माध्य. विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**भाटापारा।** स्थानीय मयूर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्साह जनक रहा । उक्त संबंध में संस्था के प्राचार्य नंदलाल बाजपेयी ने बताया कि नगर का एकमात्र हिंदी वह अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा देने वाली संस्था का इस सत्र में बोर्ड परीक्षाफल शानदार रहा है। हिंदी मध्यम हायर सेकेंडरी में कु. युक्ता साहू 93.66% , कु. साक्षी वर्मा 91.5% , कु. भूमि यदु 91.216%, कु. विनीता देव बांधे 91% हायर सेकेंडरी विज्ञान संकाय के कोमल कुमार वर्मा 89.6%, कु. आयुषी ध्रुव 86.4% , कु. प्रिया देवांगन 85% वाणिज्य संकाय से पीयूष भारद्वाज 89.8% , हर्ष दुबे 86.8%, अंकित दिवाकर 86.6% , अंग्रेजी माध्यम हाई स्कूल कु. वर्षा देवी 88.5%, कु. गौरी साहू 84.6%, राहुल साहू 85% हायर सेकेंडरी से कु.मीठी शर्मा 91.02%, आर्य सोनी 87.8%, कु.साक्षी तोलानी 87.02% अंक प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे।











# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी समर कैंप का आयोजन



**भाटापारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नरसिंग विहार में दिव्य मुस्कान समर कैंप का द्वितीय दिन की शुरूआत बी.के.गीता बहन ने ओम ध्वनि व फिजीकल एक्सरसाइज कराते हुए कारण का निवारण सोचें,गुस्से को खत्म करने का समाधान खोजे, अपने मन की सच्चाई से किसी से सांझा करें,जिस पर विश्वास हो । एंगर थमार्मीटर के माध्यम से गुस्से का लेवल बताया गया एवं उसे शांत करने की प्रैक्टिकल विधि भी सिखाई गई।

# पश्चिम बंगाल एवं असम में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**थानखम्हरिया** । पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत एवं पश्चिम बंगाल व असम में ऐतिहासिक प्रदर्शन को लेकर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और खुशी जाहिर की।



विधानसभा चुनाव 2026 में भाजपा के शानदार प्रदर्शन एवं शुरुआती रुझानों में स्पष्ट बहुमत की ओर बढ़त को पार्टी की जमीनी मेहनत, मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं के संघर्ष का परिणाम बताया जा रहा है। नगर में जगह-जगह उत्साह का माहौल देखने को मिला।

साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि जनता ने सनातन संस्कृति एवं विकास के पक्ष में मतदान किया है। यह विजय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति, मजबूत संगठन एवं कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने भाजपा के राष्टीय नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी ने जमीनी स्तर पर अभूतपूर्व कार्य किया, जिसका परिणाम यह ऐतिहासिक सफलता है।

पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जीत ऐतिहासिक एवं अमूल्य है। छत्तीसगढ़ से भी अनेक समर्पित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने चुनाव अभियान में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल नेताओं की नहीं, बल्कि भाजपा के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता की जीत है, जिन्होंने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंघानिया एवं जिला मंत्री सुरेश सिंघानिया ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रहित, सुरक्षा एवं सुशासन के मुद्दों पर जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार एवं कानून व्यवस्था की खराब स्थिति से जनता परेशान थी, जिसके चलते मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया। चुनाव परिणाम आने के बाद नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह और हर्ष का माहौल बना हुआ है।

# ग्राम पंचायत ढाप में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन, विधायक ईश्वर साहू शामिल हुए

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम पंचायत ढाप में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में कई निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई।

भूमिपूजन अंतर्गत अटल समरसता भवन निर्माण हेतु 19.39 लाख रुपये, निर्मला घाट निर्माण कार्य के लिए 2.60 लाख रुपये तथा बोर पंप स्थापना कार्य हेतु 2 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से साजा विधायक ईश्वर साहू, जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, केशव पटेल, महामंत्री लेखपाल यदु, हरकचंद जैन, सूरज राजपूत, विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू, जिला उपाध्यक्ष दिलीप जंघेल उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि साजा विधानसभा क्षेत्र में अधूरे विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार से विकास कार्यों में कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर पंचायत एवं हर गांव का ध्यान रखा जा रहा है और समयानुसार वहां आवश्यक विकास कार्य शीघ्र कराए जाएंगे।

विधायक ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही न बरती जाए तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच रमतीला जंघेल, उपसरपंच सागर जंघेल, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। उपस्थित अतिथियों ने क्षेत्र के निरंतर विकास का संकल्प दोहराया।

# रेल यात्रियों के हित में भाटापारा में गीतांजली एक्सप्रेस का स्टॉपेज जरूरी

**भाटापारा।** दक्षिण मध्य पूर्व रेलवे के बिलासपुर रेलवे जोन अंतर्गत भाटापारा रेलवे स्टेशन रेलवे को विशिष्ट आय देने वाला स्टेशन है। मौजुदा समय में इस स्टेशन से बड़ी तादाद में रेल यात्री अप एवं डाऊन दिशा में यात्रा करते है लेकिन अप दिशा से आने के लिए बिलासपुर रेलवे स्टेशन से गेवरा रोड - नागपुर शिवनाथ एक्सप्रेस एवं टाटा नगर - इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन जो लगभग बिलासपुर से रात को पौने नौ बजे व रात दस बजे छुटने के बाद बिलासपुर से भाटापारा स्टेशन आने के लिए लगभग 6 घंटे तक रात में कोई यात्री ट्रेन नही होने से यात्रियों को घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसको ध्यान में रखते हुए हावड़ा मुंबहे गीतांजली एक्सप्रेस का भाटापारा में बहुप्रतिक्षित ठहराव दिये जाने की नितांत आवश्यकता है ताकि रेल यात्री सहज रूप से रात्रि




में ही सहज रूप से भाटापारा पहुंच सकें। इस दिशा में दक्षिण पूर्व रेलवे महाप्रबंधक व चीफ पैसेंजर ट्रांसपोर्टेशन मैनेजर को भाटापारा क्षेत्र की रेल यात्रियों की गंभीर समस्या का निदान शीघ्र करना चाहिए। रेल यात्रियों ने यह भी कहा है कि जब भाटापारा से कम आय देने वाले चांपा व भंडारा रेलवे स्टेशन में गीतांजली एक्सप्रेस का पूर्व में स्टॉपेज दे दिया गया है ऐसी सुरत में भाटापारा जैसी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन में गीतांजली एक्सप्रेस का न रूकना सातवा आश्चर्य से कम नही है वैसे भी गीतांजली एक्सप्रेस में हावड़ा, झारसुगड़ा, खड़गपुर, टाटा नगर, चक्रधरपुर, राउरकेला, रायगढ़ रेलवे स्टेशन से भाटापारा रेलवे स्टेशन की ओर आने वाले यात्री बड़ी तादाद में मौजुद है। क्षेत्रिय सांसद को जनहित में भाटापारा रेलवे स्टेशन में गीतांजली एक्सप्रेस सहित कुछ अन्य महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनो का ठहराव भाटापारा में कराने की दिशा में गंभीरता से ध्यान देना चाहिए र। रेल यात्रियों ने गीतांजली एक्सप्रेस के अलावा भाटापारा रेलवे स्टेशन में दरभंगा - हैदराबाद एक्सप्रेस, बिलासपुर - चेन्नई एक्सप्रेस, बिलासपुर - हांपा एक्सप्रेस, भुनेश्वर - कुर्ला सहित ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस एवं बिलासपुर - नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस का अनिवार्य रूप से भाटापारा में स्टॉपेज स्वीकृत करने की पुरजोर मांग की है।

# भक्त माता कर्मा जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न




ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** ग्राम कुआं (नवागढ़) में 2 मई शनिवार को भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री दयाल दास बघेल उपस्थित रहे। वहीं प्रमुख अतिथि के रूप में जिला साहू संघ बेमेतरा के अध्यक्ष नारद साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमू साहू अध्यक्ष तहसील नवागढ़ द्वारा की गई। इस अवसर पर अजय साहू जिला अध्यक्ष, लखन लाल साहू पूर्व महामंत्री, पंचराम साहू पूर्व कोषाध्यक्ष, रामकुमार साहू कोषाध्यक्ष, घनाराम साहू संयोजक न्याय प्रकोष्ठ, भरत साहू संयोजक संस्कृति प्रकोष्ठ, अंजु बघेल जिला पंचायत सदस्य, खोरबाहरा साहू जनपद अध्यक्ष, दिनबधू साहू उपाध्यक्ष तहसील नवागढ़, संतोष साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय अधियारखोर, गोविंद साहू अध्यक्ष ग्रामीण कुआं सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

समारोह में सभी अतिथियों का साल, श्रीफल, फूल-माला एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान भक्त माता कर्मा के आदर्शों एवं समाज में उनके योगदान को याद किया गया। आयोजन में महिला एवं युवा वर्ग की भी सक्रिय सहभागिता रही। अंत में ग्रामवासियों ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बताया।

# हथनीपारा मुक्तिधाम में अव्यवस्था व गंदगी से कठियारे परेशान

**भाटापारा।** स्थानीय रावणभाठा के पीछे स्थित हथनीपारा मुक्ति धाम में अव्यवस्था का आलम व्याप्त है। मुक्तिधाम के मुख्य द्वार पर बने लोहे के भारी भरकम गेट का पीलहर बड़ी-बड़ी वाहनों की आवा जाही से क्षतिग्रस्त हो गया है जो कि कभी भी गिर सकता है जिससे होने वाली संभावित भारी दुर्घटना को नकारा नहीं जा सकता। इसी तरह मुक्तिधाम बाउंड्री वॉल विगत लंबे समय से क्षतिग्रस्त होकर गिरा पड़ा हुआ है वही निकट में स्थित कबीरपंथी समाज के लिए बनाये गये मुक्तिधाम पर मुख्य द्वार के अभाव में वहां पर मरे हुए मवेशियों को फेंक दिया जाता है जिससे वहां पर आवा जाही



करने वाले लोगों को असहनीय बदबू व सड़ांध से घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बदबु व सड़ांधपूर्ण महौल के कारण वहां पर मुक्तिधाम में अंतिम क्रिया के कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगो को बाहर ही खड़ा रहकर कार्यक्रम में शामिल होना पड़ता है। जनहित में वहां पर व्यवस्था बनाये जाने की मांग लोगो ने की है।

# भाटापारा में बंगाल जीत का जश्न मनाया भाजपा ने , शिवरतन को दी बधाई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** चुनाव नतीजों को लेकर स्थानीय भाजपा कार्यालय में जश्न मनाया गया जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने आतिशबाजी करते हुए मिठाई बांटकर खुशियां मनाई । विदित रहे कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में संगठन द्वारा-दिये गए दायित्वों का लगातार 70 दिनों से अधिक समय तक सफल निर्वहन करते हुए क्षेत्र के भाजपा नेता शिवरतन शर्मा को कार्यकर्ताओ ने बधाई व शुभकामनायें दी है जिनके कुशल रणनीति, अथक प्रयासों से उनके प्रभार वाले जिला पूर्व वर्धमान संगठन जिला कटवा में भी पार्टी ने प्रचंड जीत दर्ज की है। उक्त क्षेत्र में जहाँ भाजपा की एक भी सीट नहीं थीं वहा शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में 07 में से 07 सीटे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशीयों ने प्रचंड जीत दर्ज की है। उक्त जीत पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा के लिए बंगाल विधानसभा चुनाव की जीत केवल एक जीत नहीं है, यह उस %पितृऋण% की भी अदायगी है, जो जनसंघ के संस्थापक डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी जी की जन्मभूमि पश्चिम बंगाल में 75 साल के बाद कमल खिला है. मुखर्जी के विचारों के आधार पर ही भाजपा की नींव रखी गई थी, जिसके चलते उन्हें पार्टी का पितामह कहा जाता है. भाजपा बंगाल में एक बड़ी शक्ति के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि संस्थापक दीन दयाल उपाध्याय के %कर्तव्य पथ% उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश में पहले ही सरकार बना ली गई थीं लेकिन श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि बंगाल में 75 साल के बाद जाकर सपना साकार हुआ है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि बंगाल की जीत सिर्फ एक राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि जनता के विश्वास की जीत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन मॉडल की जीत हुई है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में पार्टी के प्रदर्शन को स्पेशल बताते हुए कहा कि आज शब्द कम पड़ रहे हैं और आंखें नम हैं। यह केवल एक जीत का जश्न नहीं है, बल्कि उन हजारों कार्यकर्ताओ के साहस की गाथा है जिन्होंने बंगाल की धरती पर लोकतंत्र की लौ को जलाए रखने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। शिवरतन शर्मा ने बताया कि बंगाल में भाजपा का कार्यकर्ता होना कोई सामान्य बात नहीं है। यह राह कांटों भरी है, जहां हर कदम पर डर, धमकी और हिंसा का साया रहता है। लेकिन धन्य हैं वे वीर, जिन्होंने अत्याचार के सामने घुटने नहीं टेके। उपरोक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, योगेश अनंत, मथुरा यदु, पवन वर्मा, अविनाश शर्मा, आशीष टोडर, गोपाल देवांगन, ठाकुर राम साहू, सतीश साहू, आशीष पुरोहित, संकेत अग्रवाल, सतीश सोनी, सुरेंद्र डागोर, पीयूष साहू, पीताम्बर साहू, अभिषेक नायक, गोपी ध्रुव, लाला जायसवाल, काके थादवानी, गोपाल नागवानी, सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में खरीफ सत्र पर कार्यक्रम संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में स्टेशन मीटिंग लेवल-1 खरीफ सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एच. एल. सोनबोइर,अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, की अध्यक्षता में एवं डॉ धनंजय शर्मा, सह संचालक अनुसंधान तथा डॉ ललित श्रीवास्तव, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष , इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विशिष्ट आतिथ्य में , डॉ अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ट वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र , जय इंद्र कंवर अनुविभागीय, कृषि अधिकारी एवं बालकृष्ण राठौर, उद्यानिकी विभाग की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के वैज्ञानिको एवं अधिकारियों ने खरीफ सत्र के कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में किए गए अनुसंधान एवं प्रसार तथा आगामी खरीफ सत्र 2026 के लिए अनुसंधान एवं प्रसार के संबंध में कृषि एवं उद्यानिकी अधिकारियों के फीडबैक के बाद प्रस्ताव पर परिचर्चा किया गया। डॉ धनंजय शर्मा ने अपने सुझाव में कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा विकसित मोबाइल एप्लीकेशन एप क्रॉप डॉक्टर 2.0 को किसानों को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर फसलों में रोग की पहचान एवं उपचार कर किसानों की समस्या को सुलझाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी । डॉ ललित कुमार श्रीवास्तव ने अपने सुझाव में मिट्टी में बोरान की उपलब्धता में अनुसंधान करने की बात कही । डॉ. सोनबोइर सभी वैज्ञानिको एवं प्राध्यापकों को सुझाव दिया कि अनुसंधान का कार्यक्रम निर्धारण से पूर्व कृषकों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम बनावे। जयंत कंवर ने उर्वरकों के वैकल्पिक श्रोत पर अनुसंधान एवं प्रसार हेतु सुझाव दिया। डॉ. राजपूत ने वैज्ञानिकों से आहवान किया कि कृषकों की समस्या का रियल टाइम अध्ययन कर अनुसंधान एवं प्रसार का कार्यक्रम बनाए। बालकृष्ण राठौर ने कोचई, जिमिकंद, हल्दी, अदरक के उन्नतशील किस्मों के बीज के उपलब्धता के संबंध मे कहा। वैज्ञानिकों ने चर्चा उपरांत अनुसंधान के प्रस्ताव प्राकृतिक खेती, खेकसी, मृदा स्वास्थ कार्ड आधारित उत्पादन जैविक खेती, कृषि यंत्रीकरण, मशरूम उत्पादन, सब्जी में समन्वित पोषण प्रबंधन एवं फसलों में कीट प्रबंधन पर प्रस्ताव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया



**भाटापारा।** प्राथमिक शाला बिजराडीह में पदस्थ कविता साहू एवं अभिलाषा शर्मा को सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सेवा अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके नवाचारी शिक्षा एवं बच्चों सर्वांगीण विकास में योगदान के लिए दिया गया है। सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. लता मह्लूर, सांसद लक्ष्मी वर्मा की उपस्थित में उक्त शिक्षकाओं का सम्मान किया गया। उपरोक्त अवसर पर लोकेश वर्मा डॉ सारिका , भारती वर्मा उपस्थिति थी। उक्त मौके पर लोकेश वर्मा , भारती वर्मा के द्वारा लिखित प्रेरणा की ज्योति पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

### भीषण गर्मी में गहराया जल संकट , जल प्रबंधन की आवश्यकता

**भाटापारा।** शहर से 4 किलोमीटर दुर उत्तर दिशा में बहने वाली शिवनाथ नदी के प्रवाह में अब कमजोरी आने से भयावह जल संकट का सामना क्षेत्र वासियों को करना पड़ सकता है। बताया जाता है कि शिवनाथ नदी के उद्गम स्थल सिहावा पर्वत से लेकर राजनांदगांव , दुर्ग सहित तमाम अन्य स्थानों पर खासकर सिमगा क्षेत्र में शिवनाथ नदी के जल के अंधाधुंध औद्योगिक उपयोग के पश्चात भाटापारा क्षेत्र में पहुंचते पहुंचते शिवनाथ की जलधारा लगातार कमजोर हो गई है। भाटापारा के लिए जीवनदायनी साबित होने वाली शिवनाथ की स्थिति पहले इतनी खराब नही थी फलस्वरूप शहर में आधे से अधिक वार्डो में भयावह जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है । हथनीपारा फिल्टर प्लांट से लेकर शंकर वार्ड तक जल प्रदाय स्थिति ठीक ठाक है। वहीं वार्ड क्रमांक 14 में पहली बार जल संकट से नागरिक त्रस्त है। घर में लगे नल कनेक्शन पर पानी ही नही पहुंच रहा है जिससे नेहरू वार्ड के हजारो लोग परेशान है। जगह जगह वार्ड में सड़क व गलियों में वार्ड वासी गड्ढा खोद खोदकर अपना कनेक्शन जांच रहे है लेकिन पानी आने का नाम ही नही ले रहा है। बताया जाता है कि वॉल्व सिस्टम में जल विभाग के नये प्रभारी द्वारा छेड़छाड़ किये जाने के बाद भयावह जल संकट के हालात वार्ड में उत्पन्न हो गये है। उक्त संबंध में पालिका प्रशासन को जल अभाव क्षेत्र का सर्वे कराकर रोटेशन में टैंकर नियमित रूप से जेजने की व्यवस्था करना चाहिए।

### 12 मई को ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड का आयोजन

**भाटापारा।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 12 मई को प्रातः 10 बजे से शासकीय हायर सेकेण्डरी शिवलाल मेहता स्कूल में किया गया है। ओलंपियाड में चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जेजा जायेगा। कक्षा 6वी से 8वीं तक चार छात्र एवं चार छात्रायें तथा कक्षा 9वीं एवं 10वीं तक चार छात्र और चार छात्राओं का चयन किया जायेगा। इसी तरह कक्षा 6वीं से 8वीं तक 10 से 14 वर्ष के बालक बालिकाओं एवं कक्षा 9वीं एवं 10वीं तक 17 वर्ष तक के बालक बालिकाओं का चयन किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में सभी सरकारी स्कुल के अलावा सरकारी सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त स्कूलो में पढ़ने वाले छात्र - छात्रा ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में कराटे के पंच सिखाये गये



**भाटापारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा दिव्य मुस्कान समर कैंप में नीरज भाई ने कराटे के 6 प्रकार के बाक्सिंग पंच को एक एक बच्चे पर ध्यान देते, बारीकी से कराटे की कला सिखाई । सत्र को आगे आत्मा के 7 गुणों पे प्रकाश डालते हुए आगे बढ़ाया । मन को शांत रखने के 4 तरीके बताए व संस्था के कुछ शांति के गीत बने हुए हैं उन्हे घर पर चलाए तो घर का वातावरण शांत रहेगा बताए। आगे बी.के.प्रभा दीदी ने बच्चों को आत्मा के विषय पर विचार रखे और आत्मा के इन ज्ञान,पवित्रता,शांति, प्रेम, खुशी, आनंद और शक्ति रूपी गुणों को समझाया । बी.के.मंजू दीदी ने एकाग्रता विषय पर विचार रखी । एकाग्रता कैसे बढ़ाए पर 6 पाइंट बताए । एकाग्रता को भटकाने वाली बिन्दु पर ध्यान केंद्रित कराए । अंत में बच्चों के लिए गेम रखा गया । बच्चें बहुत उत्साह से आज का सत्र पुरे किए।

# शहर सहित गांव में जल संकट से जुझ रहे हैं लोग ,पानी के लिए मारामारी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर में भीषण गर्मी के साथ ही जल संकट गहरा गया है। सन् 1957 की बनी जल आवर्धन योजना से शहर को जो शिवनाथ नदी का पानी पेयजल के रूप में सप्लाई किया जा रहा है उसमें से अनेक वार्डो में अब पानी नही पहुंचने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाने से लोग पेयजल के लिए इधर उधर भटक रहे है। नगर में सर्वाधिक पेयजल संकट से नेहरू वार्ड का क्षेत्र जुझ रहा है जहां लोगो के घरो में पानी नल के जरिये पहुंच ही नही रहा है फलस्वरूप लोग हलाकान है। बताया जाता है कि वाल्व सिस्टम में छेड़छाड़ के बाद समुचे नेहरू वार्ड में पानी की किल्लत हो जाने से हाहाकार मचा है। इस वार्ड के सुरेश सिन्हा , मनोज सिन्हा रामचन्द्र जायसवाल , रामलाल जायसवाल , राजेन्द्र ओझा सहित लक्ष्मीनारायण शर्मा के अलावा दो दर्जन से अधिक घरों में नल का एक बुंद भी पानी नही पहुंच रहा है जिससे लोग आक्रोशित है। इसी प्रकार की स्थिति नयागंज वार्ड व संजय वार्ड के कुछ हिस्सो में भी विद्यमान है। जहां पेयजल के लिए लोग तरस रहे है। शहर में यह पहला अवसर है जब भीषण गर्मी के चलते लोग पानी के लिए इधर उधर भटक रहे है। हांलाकि पालिका प्रशासन द्वारा टैंकर द्वारा जल विभिन्न वार्डो में पहुंचाया जा रहा है उसके बावजुद स्थिति नाजुक है। इधर गुरूनानक वार्ड , भगत सिंह वार्ड , महासती वार्ड सहित हथनीपारा ,श्यामा प्रसाद मुखर्जी, महावीर वार्ड , शंकर वार्ड , नयापारा वार्ड , बजरंग वार्ड , मातादेवालय वार्ड , गांधी मंदिर वार्ड सहित दर्जन भर से अधिक वार्डो में पेयजल सप्लाई जहां बेहतर है वही वार्ड क्रमांक 14 में नई वाल्व सिस्टम के चक्कर में सबसे ज्यादा जल संकट का माहौल बना हुआ है इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में भी जल संकट से लोग जुझ रहे है। कैथी , सुमा , खोलवा , सुरजपुरा सहित दर्जन भर से अधिक गांव में जल संकट के चलते लोग एक से दो किलोमीटर पैदल व सायकल एवं मोटरसायकल से चलकर लोग पानी की जुगाड़ में लगे है। प्रशासन द्वारा दावा किया जा रहा है कि तालाबों को भरा जा रहा है उसके बावजुद क्षेत्र में ऐसे कोई तालाब अभी तक नजर नही आया है जिसे पानी से भरा गया हो। खासकर शहर से लगे गांव खोलवा की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है । तालाब पुरी तरह सुख चुके है जिसके कारण आम निस्तारी में ग्रामीण जुझ रहे है वहीं मुक पशु व जानवर भी पानी की तलाश में इधर उधर भटकने मजबुर है । अभी जबकि मई और जुन का भीषण गर्मी का महीना बाकी है ऐसे में स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

## 10वीं ,12वीं बोर्ड में अनेक छात्र छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की







**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वी बोर्ड परीक्षा के परिणाम में मयुर शिशु मंदिर की छात्रा साक्षी वर्मा ने 77 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने पिता सुरेश वर्मा सहित ग्राम परसवानी व स्कुल का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार 12वी बोर्ड की परीक्षा में ग्राम सिंगारपुर स्कुल की छात्रा काजल वर्मा पिता गयाराम वर्मा निवासी कड़ार ने 83.8 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर सिंगारपुर स्कुल कड़ार गांव एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है । इसी प्रकार 10वी बोर्ड परीक्षा में मृदुल पुरोहित पिता प्रकाश पुरोहित निवासी राम सप्ताह चौंक ने 91 प्रतिशत अंक के साथ बोर्ड परीक्षा प्राप्त कर स्कूल परिवार व शहर को गौरान्वित किया है। उपरोक्त सभी उत्तीण छात्र छात्राओं को लोगो ने बधाई दी है।

## आईटीआई में विद्यार्थी परिषद का कार्यक्रम संपन्न



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा आईटीआई महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रभावना एवं देशभक्ति को जागृत करने हेतु परिसर-परिसर वंदे मातरम् अभियान का सफल आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों एवं वंदे मातरम के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य अजय गरहेवाल एवं सभी प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 50 विद्यार्थियों की सहभागिता रही जिसमें 32 छात्र एवं 18 छात्राएं सम्मिलित हुए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अभियान में भाग लेकर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा एवं समर्पण का परिचय दिया।

## बुचिपार में प्रधान पाठक को दी गई विदाई



**भाटापारा।** ग्राम के प्राथमिक शाला स्कूल प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमे बुचिपार में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक खीमललाल साहू के सेवा निवृत्त होने पर शिक्षकगण व ग्रामीणो की उपस्थिति में उन्हें विदाई दी गई। उक्त कार्यक्रम में लुकेश कुमार पाठक , बिष्णु धृव, बुधारू साहू ,ढाल सिंग ठाकुर, कन्हैयालाल पैकरा ,सनत कुमार पाठकर ,दयाशंकर निषाद, सुभाषिनी पुल्स्त्य, राधारानी साहू, टिकेश्वर कोटेरे ,भारती शर्मा, रमेशकुमार निषाद ,मतराम गहरे, देवनाथ ध्रुव ,नारायण प्रसाद ध्रुव, सुरेश कुमार डाण्डेकर, नंदकुमार ध्रुव, योगेश ध्रुव, ओमप्रकाश साहू ,बसंत कुमार ध्रुव, मेधनाथ ध्रुव, संदीप साहू ,नौहर ध्रुव, संतोष ध्रुव, संतोष सोनवानी, आशिष मिश्रा, देवजनी वर्मा, करण माण्डले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## अवैध शराब के साथ युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे



भाटापारा। पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध शराब सट्टा , क्रिकेट सट्टा सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगो के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान में पुलिस की टीम ने नयापारा वार्ड में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बेच रहे एक 18 वर्षीय युवक को पकड़ा है। उपरोक्त संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस गश्ती दल को गश्त के दौरान नयापारा वार्ड में अवैध शराब बेचते हुए समीर बंजारे मुल निवासी संतमाता कर्मा वार्ड मिला । उसके कब्जे से पुलिस ने 9890 बल्क लीटर बीयर ,अंग्रेजी मसाला शराब जब्त किया है । उसके विरूद्ध आबाकारी अधिनियम 34(2) के तहत कार्यवाही की गई।

# संयुक्त जांच टीम ने भाटापारा में होटलों का किया निरीक्षण,स्वच्छता में कमी पर नोटिस

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ का आधार अभियान के तहत संयुक्त टीम द्वारा खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शहर में स्थित होटलो का निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम के द्वारा श्री बब्बू स्वीट्स न्यू बस स्टैंड , सुरुचि राजस्थानी रेस्टोरेंट न्यू बस स्टैंड , हर्षद रेस्टोरेंट सिटी सेंटर मॉल का निरीक्षण कर समोसा का मसाला का नमूना लेकर विश्लेषण हेतु खाद्य



परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने उपरान्त आगे की कार्यवाही की जाएगी। श्री बब्बू स्वीट्स न्यू बस स्टैंड में अस्वास्थ्यकर दशा में भंडारित कढ़ी चटनी लगभग 2 किलोग्राम को मौके पर नष्ट कराया गया साथ ही फूड हैण्डलर्स में व्यक्तिगत स्वच्छता की कमी, वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण नही पाए जाने, हेड कवर एवं ग्लोव्स नही पहनने व खाद्य पदार्थ को ढककर नही रखने के लिए खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया।

# होनहार छात्र ने 10 वीं इंग्लिश मीडियम में बढ़ाया समाज का सम्मान

**भाटापारा।** कक्षा दसवीं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नादघाट के होनहार छात्र भूपेंद्र वर्मा पिता संजू वर्मा निवासी सेमरिया ने दसवीं में 89% के साथ उत्तीर्ण होकर समाज एवं माता-पिता के साथ-साथ नादघाट क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ाया



। गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष देवचरण वर्मा, गुरुजी केंद्रीय युवा अध्यक्ष डॉ मुकेश वर्मा , राज प्रधान तीरथ राम वर्मा, केंद्रीय उपाध्यक्ष पुनीत वर्मा एवं सभी सामाजिक जनों ने हर्ष व्यक्त कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# श्री शंकराचार्य विद्यापीठ का दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**भाटापारा।** श्री शंकराचार्य विद्यापीठ का इस वर्ष कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा जो विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को दशार्ता है। इस वर्ष छात्रा



हिमानी साहू ने 92.5त्र प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही भूमिका वर्मा 89.5त्र दीक्षा आनंद 87.5 त्र सहित चार अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

# आरोपी से 4000 कीमत मूल्य का 40 पाव देशी मसाला शराब किया गया जब्त

**भाटापारा।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी



मिल रही है। इसी तारतम्य में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना भाटापारा ग्रामीण की पुलिस टीम द्वारा टीआई हेमंत पटेल के नेतृत्व में ग्राम खपराडीह में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 4000 कीमत मूल्य का 40 पाव देशी मसाला शराब जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

# कार्य में लापरवाही व अनुशासनहीनता के आरोप में महेन्द्र साहू निलंबित

भाटापारा। राजस्व विभाग अंतर्गत नायब तहसीलदार कार्यालय ग्राम निपनिया में पदस्थ सहायक ग्रेड - 02 महेन्द्र साहू को बिना किसी सक्षम स्वीकृति से अपने कार्य से अनुपस्थित रहने तथा मर्यादाहीन आचरण करने के अलावा शासकीय कार्यो में घोर लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया गया है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार निपनिया नायब तहसीलदार कार्यालय में सेवारत महेन्द्र साहू बिना किसी सक्षम स्वीकृति के पिछले 12 मार्च 2026 को अपने कार्य से अनुपस्थित थे जिसपर न्यायालय नायब तहसीलदार द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा गया था लेकिन महेन्द्र साहू ने नोटिस का जवाब देना उचित नही समझा फलस्वरूप अनुविभागीय दंडाधिकारी भाटापारा ने नायब तहसीलदार की प्रतिवेदन रिपोर्ट के आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 09 के तहत अपर कलेक्टर द्वारा महेन्द्र साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए जिला कार्यालय में निलंबन अवधि के दौरान संलग्न किया है । निलंबन अवधि में महेन्द्र साहू को मूलभूत अधिनियम 53 के तहत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता उपलब्ध कराई गई है।

# मारवाड़ी युवा मंच ग्रेन सिटी शाखा द्वारा 1 मई को मजदूर दिवस मनाया गया

**भाटापारा।** चिलचिलाती गर्मी को ध्यान में रखते हुए मजदूर भाइयों के लिए गमछा वितरण किया गया एवं उन्हें फ्रूटी पिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान मजदूरों द्वारा मंच अध्यक्ष सिद्धार्थ गोलछा से वहां पर पीने के पानी की व्यवस्था कराने का आग्रह किया गया। मंच सदस्यों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत निर्णय लिया और मजदूर भाइयों की सुविधा हेतु अस्थायी प्याऊ का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद नंदकुमार वैष्णव निवर्तमान अध्यक्ष कैलाश बंसल, अध्यक्ष सिद्धार्थ गोलछा, उपाध्यक्ष श्री भावेश अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य श्री विनोद अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री आशीष टोडर, सचिव श्री साकेत माहेश्वरी, श्री वैभव सांखला, श्री गौरव बावला सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ससम्मान सेवानिवृत्त हुईं कृष्णा देवी शर्मा, स्टाफ ने भावपूर्ण विदाई दी

**भाटापारा।** भारतीय रेलवे विभाग, भाटापारा में 26 वर्षों तक ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं देने वाली कृष्णा देवी शर्मा को उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर भावपूर्ण विदाई दी गई। अपने कार्यकाल के दौरान सरल स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा के कारण कृष्णा देवी शर्मा ने विभाग के सभी लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। इस अवसर पर रेलवे विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने



उनके उत्कृष्ट सेवाभाव को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। रेलवे स्टाफ के साथ-साथ डीआरएम ऑफिस रायपुर में भी उनका सम्मान किया गया। समारोह में मंडल रेल प्रबंधक दयानंद, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग, सहायक कार्मिक अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा सहित सेवानिवृत्त कर्मी, उनके परिजन, कल्याण निरीक्षक एवं बंदोबस्त अनुभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तरुण साहू को भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया

निपनिया। निपनिया समीपस्थ ग्राम भेथीडिह निवासी तरुण साहू को निपनिया भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने तरुण के अध्यक्ष बनने पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किए।



# परसाडीह स्कूल में विदाई समारोह संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला परसाडीह में गत दिनों कक्षा 5 वी के छात्र छात्राओं को विदाई देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे विद्यालय परिसर को गुब्बारों से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानपाठक दौलत सिंह ध्रुव द्वारा दीप प्रज्वलित कर और गांव से आए हुए कुछ पालकों का स्वागत करके किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक शब्दों में सभी को संबोधित किया और बच्चों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मस्ती और खेल कूद के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया , जिसमें सभी बच्चों ने विशेष रूप से कक्षा 5 वी के सभी बच्चों ने भाग लिया। इन खेलों ने माहौल को अच्छा बनाया ही नहीं बल्कि , सबको एक साथ खुश होने का मौका भी दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानपाठक जी ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि , यह विदाई है लेकिन एक नए जीवन की शुरूआत भी है मेहनत और लगन से अपने सपनों को पूरा करे और अपने माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन करे। विद्यालय के स्वयं शिक्षिका तनु का भी जन्म उत्सव मनाया गया उक्त कार्यक्रम में मिठाई वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ और भीषण गर्मी को देखते हुए शाला छोड़ने वाले सभी बच्चों को एक पानी की बोतल और टोपी भेंट के रूप में दिया गया । उक्त कार्यक्रम में दया शंकर सोनी, मधु साहू ,तनु ध्रुव , विशेषण ध्रुव, बिहारी लाल ध्रुव ,भुवन ध्रुव , सूरज ध्रुव ,तुलसी ध्रुव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जल स्तर घटने से गांवों में पानी की विकट समस्या

**निपनिया।** निपनिया भीषण गर्मी के कारण तेजी से जल स्तर घट रहा है वार्ड क्रमांक 14 व15 में सरकारी बोर से मिट्टी युक्त मटमैला पानी निकल रहा है वार्ड वासी पीने हेतु 2 किलोमीटर दूर से पानी लाने मजबूर है इसी तरह बस्ती में भी पानी की विकट समस्या है बस्ती वासी तालाब के बोर से पानी लाकर निस्तारी कर रहे हैं। आसपास गाँव जेथौडिह, खपरी, सिल्वा भरतपुर आदि जगहों पर पानी की समस्या बनी हुई है। नदी तालाब भी सूख रहा है।

# दतरेंगी में विदाई समारोह संपन्न



**भाटापारा।** शहर से 5 किलोमीटर दुर ग्राम दतरेंगी में पदस्थ प्राचार्य ज्योतिष राम वर्मा एवं शिक्षक जगन्नाथ प्रसाद वर्मा के सेव निवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर टुपेन्द्र शर्मा , आजूराम वर्मा ,मनीष तिवारी , टीकाराम साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अमरजीत सलुजा प्रदेश सलाहकार बने



**भाटापारा** ।अकाल पुरख की फौज की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश सलाहकार के रूप में शहर के अमरजीत सिंग सलुजा को जवाबदारी दी गई है जिससे स्थानीय सिख समाज में हर्ष का माहौल है । सिख समाज के रंजीत सिंग छाबड़ा , रूपेश सिंग खालसा , शरबजीत राणा, रोबीन चावला, अमन चावला , सहज गुंबर , गगनजीत आनंद , बेअंत सिंग खालसा , हरभगवान गुंबर , सतीश राजपाल , मंजीत सिंग सप्पल , तंजीव अरोरा सहित अन्य लोगो ने बधाई दी है।

# मोपका कॉलेज के छात्र का चयन बीएसएफ में हुआ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर से 14 किलोमीटर दुर स्थित स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका के बी.ए. के भूत पूर्व छात्र आकाश निषाद का चयन बीएसएफ में होने से महाविद्यालय , गांव व उनके परिवार वालो में हर्ष का माहौल व्याप्त है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अभिलाषा सैनी के द्वारा आकाश निषाद के इस विशिष्ट उपलब्धि पर पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया।



# भाटापारा पालिका में बैठक संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर पालिका कार्यालय में पीआईसी व सामान्य सभा की बैठक दो चरणों में संपन्न हुई जिसमें 131 वें संविधान संशोधन विधेयक के संसद में पारित नही होने पर कड़ा रूख अपनाते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया । इसके पश्चात वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सर्व सहमति से बजट पारित किया गया। बजट में बुनियादी ढांचा के सुदृढ़ीकरण स्वच्छता , पेयजल एवं अन्य बातो पर चर्चा हुई । संत रविदास वार्ड में 152.25 लाख की लागत से आरसीसी पानी टंकी निर्माण की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं गर्मी ऋतु में उत्पन्न होने वाली पेयजल संकट की स्थिति से निपटने हेतु 70 लाख की कार्य योजना को डीएमएफ में कराने हेतु प्रस्ताव पारित कर प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु 157.37 लाख की स्वीकृति दी गई साथ ही लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पटपर एवं बलभद्र वार्ड अवरेठी तालाब के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए न्युनतम निविदा दरो को स्वीकृत किया गया । साफ सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबुत करने के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 151 कर्मचारियों की नियुक्ति बाबत् वार्षिक निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। वहीं ऑडीटोरियम के सुव्यवस्थित प्रबंधन एवं समुदायिक उपयोग के संबंध में भी चर्चा की गई बैठक में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा , उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया , मनीष मिश्रा , सतीश तलरेला सहित अन्य पार्षद व उनके प्रतिनिधि तथा पालिका अधिकारी शिव कुमार यादव उपस्थित थे।

# नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं नवनियुक्त सीएमओ ने किया नगर के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं नवनियुक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ ने संयुक्त रूप से नगर के विभिन्न वार्डों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी, सड़क की स्थिति, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था सहित समस्त मूलभूत नागरिक सुविधाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया गया तथा वर्तमान स्थिति का वास्तविक आकलन किया गया।निरीक्षण के दौरानस्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन निरीक्षण के दौरान कतिपय स्थानों पर स्वच्छता व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित साफ-सफाई की प्रक्रिया को बिना किसी व्यवधान के संचालित किया जाए। कचरा संग्रहण एवं निस्तारण की व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध किया जाए। किसी भी वार्ड में गंदगी या कचरे का अनावश्यक जमाव न होने पाए। जल निकासी एवं सार्वजनिक स्थल जल निकासी व्यवस्था को प्रभावी ढंग से बनाए रखने के लिए नालियों की नियमित सफाई के निर्देश दिए गए।

सार्वजनिक स्थलों — चौक, बाजार, पार्क एवं सामुदायिक क्षेत्रों में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जवाबदेह बनाया गया। अधिकारियों को दिए गए प्रमुख दिशा-निर्देश निरीक्षण के उपरांत अध्यक्ष एवं सीएमओ ने अधिकारियों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए नागरिक सुविधाओं के सुचारु संचालन हेतु सतत निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए।समस्त व्यवस्थाओं में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि नागरिकों को त्वरित एवं बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सकें। चिन्हित समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए एवं प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए ।

निरीक्षण के उपरांत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने कहा भाटापारा के हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिले — यही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज के निरीक्षण में जो भी कमियाँ सामने आई हैं, उन्हें शीघ्रातिशीघ्र दूर किया जाएगा। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारा संकल्प है कि भाटापारा को एक स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित नगर के रूप में स्थापित किया जाए और इसके लिए परिषद हर संभव प्रयास करती रहेगी।

## उपभोक्ता आयोग ने विलम्ब से राशि लौटाने पर बैंक को लगाई फटकार

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा-** बैंक एटीएम से उपज़ेक्ता को रुपए प्राप्त नहीं हुये परन्तु खाते से राशि काटी गई शिकायत उपरांत 238 दिवस विलम्ब पश्चात राशि उपज़ेक्ता के खाते में जमा किये जाने के मामले में उपज़ेक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा पंजाब नेशनल बैंक शाखा भाटापारा एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा भाटापारा को सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण का दोषी माना। आर.बी.आई की गाइडलाइन अनुसार क्षतिपूर्ति राशि 23,300 एवं उपज़ेक्ता को मानसिक आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 5000 तथा वाद-व्यय हेतु 3000 रुपए प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा निवासी उपज़ेक्ता राहुल साहू ने भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से 10000 रुपए निकालने के लिए पंजाब नेशनल बैंक का अपना एटीएम. कार्ड स्वाईप कर पासवर्ड डाला परंतु नगद रकम प्राप्त नहीं हुई व खाते से 10000. रुपए काट दिये गये । परिवादी का खाता पंजाब नेशनल बैंक में था जिसकी जानकारी उसने अपने बैंक को दी अन्य अधिकारियो एवं संस्था में शिकायत किया लगभग 9 माह पश्चात राशि वापस प्राप्त हुई। अत्याधिक विलम्ब से राशि प्राप्त होने पर क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन दोनों बैंको व अधिकारियों एवं संस्था के समक्ष दिया गया परन्तु कोई संतोषप्रद उत्तर प्रदाय नहीं किये जाने पर परिवादी द्वारा जिला उपज़ेक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया।

## पटपर स्कूल में समर कैंप संपन्न




**भाटापारा।** स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पटपर संकुल केंद्र में गत दिनों समर कैंप का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ । कैंप का संचालन प्रधान पाठक शत्रुहन कुमार डहरिया द्वारा किया गया । उक्त अवसर पर राजकुमारी साहू प्रमोद वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गीत, कहानी, कविता, मनोरंजक खेल, हिंदी-अंग्रेजी भाषाई गतिविधियाँ, गणितीय कौशल संबंधी एक्टिविटी,सामान्य ज्ञान ,ओरिगामी, मिट्टी के खिलौने, ड्राइंग, पेंटिंग, डांसिंग, पेपर एवं लकड़ी के क्राफ्ट , पेड़ की पत्तियों से आकृति निर्माण सजावट तथा तार्किक गेम्स जैसे कई रोचक गतिविधियाँ कराई गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह समर कैंप विद्यालय में लगातार चौथी बार आयोजित हुआ। उपरोक्त अवसर पर भास्कर देवांगन, शैलेंद्र नामदेव , मुकेश देवांगन, दुर्गेश शर्मा, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के अध्यक्ष का आगमन





**रायपुर।** दिनांक 4 मई 2026 को राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर प्रथम आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने डोंगरगढ़ में माँ बमलेश्वरी के दर्शन किए। श्री वीरेंद्र सोनी जी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष को माँ बमलेश्वरी के दर्शन कराकर उनका स्वागत एवं वंदन किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय सचिव संजीव कुमार सोनी एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास सोनी ने डोंगरगढ़ से उन्हें रायपुर की ओर प्रस्थान कराया। इसी क्रम में राजनांदगांव में जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत सोनी, राजेश सोनी, अनिल नागवंशी एवं राजू सोनी द्वारा महावीर चौक में उनका भव्य स्वागत किया गया। दुर्ग में युवा जिला अध्यक्ष शुभम निखिल सोनी एवं युवा महासचिव निखिल सोनी द्वारा जोशीला स्वागत किया गया, तत्पश्चात रायपुर में रात्रि विश्राम किया गया। माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार पूरे राष्ट्र में स्वर्णकार बोर्ड के गठन एवं सभी सोनी परिवारों को एकजुट कर उन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में सतत कार्य कर रहे हैं।

# रायपुर में जनसंख्या असंतुलन और समाधान विषय पर विश्व हिंदू परिषद की संगोष्ठी संपन्न






**रायपुर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी में "जनसंख्या असंतुलन और समाधान" विषय पर एक भव्य एवं विचारोत्तेजक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। संगोष्ठी में भारत की जनसंख्या वृद्धि, उससे उत्पन्न सामाजिक और आर्थिक प्रभाव, क्षेत्रीय असंतुलन तथा समाधान के उपायों पर गंभीर चर्चा की गई।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार रहे मुख्य वक्ता

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष Alok Kumar मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भारत की वर्तमान जनसंख्या स्थिति पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन चुका है। यह स्थिति एक ओर देश के लिए अवसर लेकर आई है, वहीं दूसरी ओर कई बड़ी चुनौतियां भी प्रस्तुत कर रही है। जनसंख्या केवल संख्या नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, सामाजिक ढांचा, संसाधन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से सीधा जुड़ा विषय है।

## जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारणों पर चर्चा

*वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं में सुधार के कारण शिशु मृत्यु दर और सामान्य मृत्यु दर में कमी आई है, जिससे जनसंख्या वृद्धि हुई। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा की कमी के कारण परिवार नियोजन के महत्व को लोग पूरी तरह नहीं समझ पाते। गरीबी, सामाजिक जागरूकता की कमी और कम उम्र में विवाह भी जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारण हैं।*

## बढ़ती आबादी के दुष्परिणाम

*संगोष्ठी में बताया गया कि बढ़ती जनसंख्या के कारण जमीन, पानी, खाद्यान्न और प्राकृतिक संसाधनों पर भारी दबाव बढ़ रहा है। बड़ी कार्यशील आबादी के लिए पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराना चुनौती बनता जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, सड़क, आवास और अन्य बुनियादी ढांचे पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।*

## भारत में जनसंख्या वृद्धि दर में आ रही कमी

संगोष्ठी में बताया गया कि भारत की जनसंख्या अभी भी बढ़ रही है, लेकिन इसकी वृद्धि दर में लगातार कमी देखी जा रही है। वर्ष 2011 से 2021 के दशक में जनसंख्या वृद्धि लगभग 12.5 प्रतिशत रहने का अनुमान था, जबकि वर्ष 2021 से 2031 के बीच यह दर घटकर लगभग 8.4 प्रतिशत तक आने की संभावना है। यह संकेत देता है कि देश में जागरूकता और परिवार नियोजन के प्रयासों का सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है।

## कुल प्रजनन दर में आई गिरावट

वक्ताओं ने बताया कि वर्ष 2024 तक भारत की कुल प्रजनन दर घटकर लगभग 2.0 तक पहुंच गई है, जो प्रतिस्थापन स्तर के करीब मानी जाती है। इसका अर्थ है कि अब देश में औसत परिवारों में बच्चों की संख्या नियंत्रित हो रही है। यह जनसंख्या स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है।

## उत्तर और दक्षिण भारत में जनसंख्या असंतुलन

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि भारत में जनसंख्या का वितरण समान नहीं है। दक्षिण भारत के कई राज्यों में प्रजनन दर काफी कम हो चुकी है, जबकि उत्तर भारत के कुछ राज्यों में अभी भी यह दर अपेक्षाकृत अधिक है। इससे क्षेत्रीय जनसंख्या असंतुलन की स्थिति बन रही है, जिसका प्रभाव संसदीय प्रतिनिधित्व, संसाधन वितरण और सामाजिक योजनाओं पर पड़ सकता है।

## लिंग अनुपात भी बड़ी चुनौती

संगोष्ठी में लिंग अनुपात को भी एक गंभीर विषय बताया गया। कई क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं की संख्या में बड़ा अंतर देखा जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच, शिक्षा और समान अवसर की भावना को मजबूत करना आवश्यक है।

## युवा आबादी भारत की ताकत

कार्यक्रम में बताया गया कि वर्ष 2011 के अनुसार भारत की लगभग 27 प्रतिशत आबादी 10 से 24 वर्ष आयु वर्ग की थी। यह भारत के लिए एक बड़ी शक्ति है। यदि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराया जाए तो यही युवा शक्ति भारत को विश्व नेतृत्व तक पहुंचा सकती है।

## सरकार के प्रयासों की सराहना

*कार्यक्रम में बताया गया कि भारत सरकार परिवार नियोजन, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा विस्तार और स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। इन प्रयासों से देश की प्रजनन दर में गिरावट दर्ज की गई है।*

## सामाजिक समरसता पर भी हुई चिंतन बैठक

*कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता विषय पर समाज के प्रमुखजनों के साथ विशेष चिंतन बैठक भी आयोजित की गई। इसमें सामाजिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा, पारिवारिक व्यवस्था और राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर चर्चा हुई।*

## इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

*इस अवसर पर विहिप के प्रदेश मंत्री पूर्णेन्द्र सिंह ,प्रदेश उपाध्यक्ष शिशुपाल , प्रदेश प्रवक्ता ऋषि मिश्रा विहिप जिला अध्यक्ष भगवती शर्मा, बजरंग दल प्रमुख शुभम नाग,विहिप विभाग मंत्री हरदीप सिंह सैनी ,जिला मंत्री बंटी कटरे सहित भाजपा, विहिप और बजरंग दल के प्रदेश पदाधिकारी ,कार्यकर्ता और समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।*

## सफलतापूर्वक संपन्न हुआ कार्यक्रम

*विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित यह संगोष्ठी अत्यंत सफल और प्रभावशाली रही। उपस्थित लोगों ने इसे समय की आवश्यकता बताते हुए ऐसे विषयों पर निरंतर जनजागरण चलाने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित, सामाजिक जागरूकता और संतुलित विकास के संकल्प के साथ हुआ।*

# महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक का सफल आयोजन

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, अटारी रायपुर में दिनांक 23/04/2026 को जनभागीदारी समिति की बैठक संपन्न हुई।

इस बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री सदाशिव गोफने जी ने की, इस अवसर पर अन्य गणमान्य सदस्य श्री नारायण भूषणिया, श्री नवीन शर्मा तथा श्री सरोज सिंह जी उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य व जनभागीदारी समिति की सचिव डॉ राजलक्ष्मी सेलट ने समिति के सभी सदस्यों



का स्वागत किया तथा सत्र 2025-26 में महाविद्यालय और अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के विकास हेतु किए गए कार्यों का संक्षिप्त परिचय दिया। तत्पश्चात बैठक कार्यवृत्त के अनुरूप महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के अध्ययन-अध्यापन को सुगम बनाने के विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई। इस बैठक में महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न निर्णयों को चर्चा कर पारित किया गया। बैठक का संचालन डॉ जयेश करंजगांवकर ने किया तथा डॉ. रश्मि शर्मा द्वारा समिति के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com